# लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

**दिनाँक : 05 फरवरी 2015 को सम्पन्न हुई कार्य परिषद की आकस्मिक बैठक की कार्यवाही**

<u>उपस्थिति</u>

| | | |
|---|---|---|
| 1- | डॉ0 एस0बी0 निमसे | – अध्यक्ष / कुलपति |
| 2- | प्रो0 निरूपमा अग्रवाल | – सदस्य |
| 3- | प्रो0 कालीचरण सनेही | – सदस्य |
| 4- | प्रो0 यू0सी0 वशिष्ठ | – सदस्य |
| 5- | प्रो0 प्रेम शंकर तिवारी | – सदस्य |
| 6- | श्री आर0सी0 त्रिपाठी | – सदस्य |
| 7- | सुश्री परवीन तलहा | – सदस्य |
| 8- | श्री अनिल कुमार सिंह | – सदस्य |
| 9- | डॉ0 रीता | – सदस्य |
| 10- | डॉ0 बी0डी0 सिंह | – सदस्य |
| 11- | डॉ0 मोहम्मद सिराजुद्दीन | – सदस्य |
| 12- | डॉ0 यू0एन0 सिन्हा | – सदस्य |
| 13- | डॉ0 एस0ए0 रिज़वी | – सदस्य |
| 14- | डॉ0 बबिता जयसवाल | – सदस्य |
| 15- | डॉ0 एस0पी0 सिंह | – सदस्य |
| 16- | श्री देवेन्द्र कुमार पाण्डेय | – सचिव / कुलसचिव |

बैठक में प्रो0 अरविन्द कुमार, वित्त अधिकारी एवं प्रो0 जे0के0 शर्मा, कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग भी उपस्थित रहे।



Scanned by CamScanner

बैठक के प्रारम्भ में सचिव महोदय ने सर्वप्रथम सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया। माननीय कुलपति महोदय द्वारा कार्य परिषद में **नवागत माननीय सदस्य प्रो0 प्रेम शंकर तिवारी**, हिन्दी विभाग का स्वागत किया गया। कार्य परिषद की बैठकों में **प्रो0 डी0पी0 तिवारी, प्रचीन भारतीय इतिहास विभाग** के द्वारा समय–समय पर प्रदत्त मार्गदर्शन के लिए मा0 कुलपति महोदय ने आभार व्यक्त किया।

**ओ0एन0जी0सी0 द्वारा आयोजित भवन निर्माण के सम्बन्ध में आहूत आकस्मिक बैठक में निम्नवत् बिन्दु पर विचार किया गया :–**

दिनांक 27.01.2015 को भवन एवं कार्य समिति की बैठक में यह तथ्य रखा गया कि ओ0एन0जी0सी0 द्वारा आयोजित भवन निर्माण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नेशनल बिल्डिंग कॉन्सट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड को कार्यदायी संस्था के रूप में पूर्व में नामित किया जा चुका है। नेशनल बिल्डिंग कॉन्सट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा एतत् सम्बन्धी आहूत निविदा में 4.45 प्रतिशत की वृद्धि एल 1 पर प्राप्त हुई है जिसका औचित्य नेशनल बिल्डिंग कॉन्सट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा यह भी दिया गया है कि निविदा वर्ष 2013 में जारी Delhi Schedule of Rates के आधार पर की गयी है एवं वर्ष 2014 में Delhi Schedule of Rates में वृद्धि होने के कारण Bill of Quantity जो कि 2013 पर निर्मित की गयी है में वृद्धि औचित्यपूर्ण है। इस प्रकार 1.01 करोड की वृद्धि पूर्ण परियोजना में हो रही है। चूँकि Bill of Quantity में 01 प्रतिशत Labour cess का प्राविधान पूर्व में रखा गया था, अतः वास्तविक वृद्धि 79 लाख हो रही है। बिल्डिंग एण्ड वर्क्स कमेटी द्वारा कतिपय शर्तें लगाते हुए उन्हें स्पष्ट करने के निर्देश दिये। बिल्डिंग एण्ड वर्क्स कमेटी द्वारा वांछित स्पष्टीकरण श्री डी0डी0एस0 श्रीवास्तव, चीफ जेनरल मैनेजर, नेशनल बिल्डिंग कॉन्सट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा अपने पत्र संख्या एनबीसीसी/एसबीजी–नोएडा/सीजीएम/2015 दिनांक 31.01.2015 कार्य अधीक्षक, निर्माण विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को प्रेषित किया गया है।

उक्त प्रस्ताव लखनऊ विश्वविद्यालय की सम्पन्न वित्त समिति की बैठक दिनांक 04.02.2015 के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या 02 पर ओ0एन0जी0सी0 द्वारा प्रायोजित भवन निर्माण के सम्बन्ध में 27.01.2015 को सम्पन्न हुई बिल्डिंग एण्ड वर्क्स कमेटी की आपातकालीन बैठक के कार्यवृत्त पर विचार–विमर्श किया गया



Scanned by CamScanner

इस सम्बन्ध में समिति द्वारा इस अभिमत के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि यदि आवश्यक हो तो ओ0एन0जी0सी0 सेन्टर ऑफ एडवान्स स्टडीज़ भवन हेतु पूर्व में रखा गया नेशनल बिल्डिंग कॉन्सट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड से किये गये अनुबन्ध पत्र को निरस्त करके पुनरीक्षित आगणन पर नया एम0ओ0यू0 दोनो पक्षकारों द्वारा हस्ताक्षर बद्ध किया जाये।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि कार्यदायी संस्था से इस आशय की वचन बद्धता अवश्य ले लिया जाय कि कार्यदायी संस्था द्वारा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करके भवन को विश्वविद्यालय को हस्तगत करा दिया जायेगा।

ओ0एन0जी0सी0 द्वारा प्रायोजित भवन निर्माण हेतु कुल लागत के सापेक्ष विश्वविद्यालय अंशदान के सम्बन्ध में समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्त समिति के कार्यवृत्त दिनांक 25.06.2014 के प्रस्तर सं0–अन्य बिन्दु 01 में निर्धारित की गयी व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन किया जाय।

समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि उक्त भवन निर्माण हेतु सम्पूर्ण व्यय–भार ओ0एन0जी0सी0 द्वारा प्रायोजित धनराशि एवं विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्त्रोतों से वहन किया जाएगा तथा इस हेतु शासन पर कोई व्यय–भार नहीं डाला जाएगा।

उपरोक्त प्रकरण को बिल्डिंग एण्ड वर्क्स कमेटी तथा वित्त समिति के द्वारा पारित निर्णय सहित माननीय कार्य परिषद में रखा गया।

कार्य परिषद द्वारा इस प्रोजेक्ट का स्वागत किया गया तथा यह संकल्प लिया गया कि इस भवन के बनने से जहां एक ओर विश्वविद्यालय की आधारभूत संरचना में वृद्धि होगी वहीं बहुविषयी (multidisplinary) गतिविधियों के क्रियान्वन को गति मिलेगी।

एन0वी0सी0सी0 (कार्यदायी संस्था) द्वारा आहूत निविदा जो 2013 के डी0एस0आर0 के आधार पर निर्मित बिल ऑफ क्वान्टिटी पर 2014 में बढ़ी हुई डी0एस0आर0 पर लागत में वृद्धि जो 1.01 करोड़ हो रही है, जिसमें 1 प्रतिशत Labour cess का प्राविधान पूर्व से ही किया गया था। इस प्रकार वर्ष 2013 के डी0एस0आर0 बिल ऑफ क्वान्टिटी पर आगणित सकल लागत 22.85 करोड़ के सापेक्ष वर्ष 2014 के डी0एस0आर0 बिल ऑफ क्वान्टिटी पर आगणित सकल लागत 23.91 करोड़ (1 प्रतिशत Labour cess सहित) की वृद्धि हुई जिसमें वास्तविक लागत वृद्धि 79 लाख हो रही है जिसे एन0वी0सी0सी0 द्वारा



Scanned by CamScanner

औचित्तपूर्ण बताये जाने की दशा में माननीय कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

उपरोक्तानुसार बिल्डिंग एण्ड वर्क्स कमेटी द्वारा लिये गये निर्णय तथा तदोपरान्त वित्त समिति द्वारा लिये गये निर्णय पर अनुमोदन प्रदान करते हुए माननीय कार्य परिषद द्वारा परियोजना में 79 लाख की लागत वृद्धि को औचित्यपूर्ण पाते हुए अनुमोदन प्रदान किया गया।

(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)
कुलसचिव / सचिव

(डॉ0 एस0बी0 निमसे)
कुलपति / अध्यक्ष



Scanned by CamScanner